प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में चल रही योजनाओं में सबसे ऊपर : बघेल

● ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था से जुड़ेंगे 1242 अस्पताल, एनएचए ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री सत्य पाल सिंह बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में चल रही योजनाओं में सबसे ऊपर है क्योंकि जान है तो जहान है। यही वह योजना है जिससे सामाजिक भीड़ में खड़े आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आई है। बघेल सोमवार को शहर स्थित एक निजी होटल में पीएमजेएवाई:संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सत्य पाल सिंह बघेल ने कहा कि यह आयोजन बंद कमरा और खुली बात पर आधारित है। इसलिए आप लोग निर्भय होकर अपनी बात रखें। यूपी लक्ष्य प्राप्त करता है तो देश स्तर पर दिखता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था की तारीफ की। केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनरेगा के मजदूरों और सवर्ण वर्ग के ईडबल्यूएस श्रेणी वालों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए राज्य की सहमति होनी जरूरी होगी। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृजेश पाठक ने कहा कि हम भारत सरकार को आश्वस्त करते हैं कि उत्तर प्रदेश सभी लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम है। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लंबित कार्ड 30 सितंबर तक बनवाने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर विशेष अभियान चलाएं। राज्य स्वास्थ्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष नए पात्र गृहस्थ परिवारों को शामिल करने की शर्तें समाप्त करने की मांग रखी। साथ ही बताया कि यूपी में अन्य राज्यों के साथ नेपाल जैसे देशों से भी मरीज स्वास्थ लाभ ले रहे हैं इसलिए कार्य का भार भी अधिक है। राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने निजी अस्पतालों से अपील की है कि किसी भी एक बीमारी का इलाज अलग.अलग खर्च जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। साचिस की सीईओ संगीता सिंह ने कहा कि ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था में 56 अस्पताल लाभ ले रहे हैं। अब तक इसके तहत 18 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। इस ग्रीन चैनल व्यवस्था से 1242 और अस्पतालों को जोड़ने की एनएचए (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण) ने दे दी है। ग्रीन चैनल पेमेंट के तहत बेहतर रिकॉर्ड और शून्य शिकायत वाले अस्पतालों को शामिल किया जाता है। क्लेम करते ही इलाज का आधा धन आवंटित कर दिया जाता है। पीएमजेएवाई की वेबसाइट पर एक चैट बोट शुरू किया गया है जो अस्पतालों के सवालों के जवाब स्वत: देता है। साथ ही इस वेबसाइट पर ईमेल एड्रेस दिया गया है जिस पर कोई भी निजी व सरकारों अस्पताल अपनी बात रख सकता है। अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने कई सवाल भी उठाए। इसमें अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों को आसानी से इलाज देने, कैंसर, प्रसव, बच्चों के दिल के इलाज के मामलों में पैकेज पुन: अवकोलन करने का मांग की। साथ ही मरीजों के आवागमन और आशा से काउंसिल करने की शुरुआत करने के लिए चर्चा हुई।

सरयू एक्सप्रेस हमला कांड

जख्मी महिला मुख्य आरक्षी की सुरक्षा बढ़ी, खुलासे में एसटीएफ जुटी

● डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था ने ट्रामा सेंटर पहुंचकर जाना भर्ती महिला पुलिसकर्मी का हाल

लखनऊ। सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी के साथ हुई घटना का इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेते हुए रेलवे व यूपी सरकार से अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किए जाने के बाद प्रकरण की जांच में तेजी आई है। राज्य के डीजीपी विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने सोमवार को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचकर यहां भर्ती महिला मुख्य आरक्षी का हाल-चाल जाना। डीजीपी महिला मुख्य आरक्षी की सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था कि जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि महिला का बेहतर ढंग से इलाज चल रहा है। बहुत तेज रिकवरी भी हो रही है। जैसे ही वह बोलने की स्थिति में आएगी तो उससे बातचीत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के खुलासे के लिए स्थानीय पुलिस और रेलवे के साथ ही एसटीएफ की टीम भी लगाई गई है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि महिला मुख्य आरक्षी सुमित्रा पटेल जब बीती 29 अगस्त की रात को अपनी ड्यूटी पूरी करके घर जा रही थी तो बीच ट्रेन में उसके साथ मारपीट हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला कांस्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद महिला कांस्टेबल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जैसे ही महिला कांस्टेबल बोलने की स्थित में आएगी तो उससे बातचीत की जाएगी। घटनास्थल से जो सबूत मिले है, उनकी जांच कराई जा रही है। महिला मुख्य आरक्षी के साथ किसी भी प्रकार के सेक्सुअल असाल्ट की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा जो आदेश प्राप्त हुए है, उनका पुलिस और रेलवे द्वारा पालन किया जाएगा। बता दें कि बीती 30 अगस्त की सुबह सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला कांस्टेबल खून से लथपथ मिली थी।मौके पर पहुंची अयोध्या महिला कांस्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि महिला के चेहरे पर 15 से ज्यादा टांके लगे हैं। ज्यादा खून बहने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वहीं, किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया था। कोर्ट ने उप्र सरकार से मामले को लेकर जवाब मांगा था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्रामा पहुंचकर लिया महिला पुलिस कर्मी का हाल

लखनऊ। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को लखनऊ पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी कार्यालय आकर पता चला कि अयोध्या जा रही ट्रेन में महिला पुलिस कर्मी बर्बरता का शिकार हुई है। जो इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती है। घटना को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने पीड़िता के स्वास्थ्य का हाल-चाल लेने के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर जाने का निर्णय लिया जिस पर पुलिस ने कार्यालय के बाहर घेराबंदी कर उन्हें जाने से रोकने का भरसक प्रयास किया। इसके बावजूद जब वह जाने के लिए अड़े रहे तो सिर्फ मात्र 5 सदस्यों के साथ उन्हें अपनी निजी सुरक्षा की शर्त पर केजीएमयू ट्रामा सेंटर जाने की अनुमति प्रदान की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और आवश्यकता पड़ने पर सड़क से सदन तक पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी।

यूपीएमआरसी 5 सितंबर से मनाएगा सेफ ट्रैवल फॉर चिल्ड्रेन सप्ताह

लखनऊ। यूपीएमआरसी के 5 सितंबर को परिचालन सेवा के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सेफ ट्रैवल फ ॉर चिल्ड्रन सप्ताह मनाया जायेगा। सेफ ट्रैवल फॉर चिल्ड्रन यूपीएमआरसी द्वारा बाल यात्रियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक अनूठी पहल है। इस जगरूकता सप्ताह में यूपीएमआरसी बताएगा कि कैसे मेट्रो हर बच्चे के लिए यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। मेट्रो के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि यूपीएमआरसी हर वर्ष 5 सितंबर को मेट्रो दिवस मनाता है। कल लखनऊ मेट्रो परिचालन सेवा के 6 वर्ष पूर्ण होने पर छठा मेट्रो दिवस मनाया जायेगा। लखनऊ मेट्रो इन 6 वर्षों में 7.5 करोड़ यात्रियों को सफलतापूर्वक यात्रा करवा चुकी है। इस शुभ अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डॉ कैलाश सत्यार्थी हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उपस्थित रहेंगे और मेहमानों के साथ बच्चों की बेहतरी और उत्थान के लिए अथक प्रयास करने के अपने अनुभवों को साझा करेंगे। डॉ कैलाश सत्यार्थी ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में आयोजित होने वाले मेट्रो दिवस समारोह में सम्मानित अतिथि के तौर पर भी उपस्थिति रहेंगे। यूपीएमआरसी के सहयोग से रेडियो मिर्ची हजरतगंज मेट्रो स्टेशनों पर सभी यात्रियों के लिए इस दिन को यादगार बनाएगा। सभी मेट्रो यात्रियों के लिए मनोरंजक गतिविधिया, प्रश्नोत्तरी और खेल आयोजित किए जाएंगे और विजेताओं को पुरस्कार और डिस्काउंट कूपन संग बहुत से अन्य उपहार मिलेंगे। डॉ कैलाश सत्यार्थी अपनी उपलब्धियों और प्रेरक अनुभवों को लोगों के साथ साझा करेंगे और बच्चों के साथ.साथ अन्य यात्रियों को भी उनसे बातचीत करने का मौका मिलेगा। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने इस अवसर पर कहा किए इस साल लखनऊ मेट्रो का वार्षिकोत्सव बाल यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा की थीम पर आधारित होगा। स्कूल, स्टेडियम मनोरंजन स्थल पर जाने वाले बच्चों के लिए यूपीएमआरसी यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने का प्रयास करता है।

● यूपीएमआरसी के 6 वर्ष पूर्ण, 7.5 करोड़ यात्रियों ने मेट्रो से किया सफर

यशोदा माँ के रूप में बच्चों का पालन पोषण करें: बेबी रानी

● महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने मोबाइल आंगनबाड़ी केन्द्र को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

छठवें राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन के क्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान सोमवार को एक निजी इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मोबाइल आंगनबाड़ी केन्द्र को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अपने संबोधन में बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक दिव्य जननी ह, वह यशोदा माँ के रूप में बच्चों का पालन पोषण करें, जिससे वह बड़े होकर कुपोषण रूपी राक्षस का संहार कर सके। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने पोषण माह के दौरान स्वस्थ बालक.बालिका स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये। इसके साथ ही मेरे देश कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस को संस्कार देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री का दो मिनट का उद्बोधन प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रसारित करने के निर्देश भी दिये। महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने नारी की महिमा का मंडन किया। राज्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में पड़ने वाला प्रत्येक बच्चा आत्मनिर्भर भारत की नींव है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जनपद लखनऊ में नवाचार के रूप में प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश के अन्तर्गत न्यूट्रीशन मॉनीटर नियुक्त किये गये हैं, कुपोषण को मिटाने के लिए कुपोषण पर वार, लखनऊ है तैयार का नारा दिया गया है।

डेंगू के ग्यारह नये रोगी मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। सोमवार को राजधानी में डेंगू के 11 नये मरीज मिले हैं। इन मरीजों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदर नगर में 1, सरोजनी नगर में 2, इंदिरा नगर में 2, चिनहट में 1, अलीगंज में 3, काकोरी में 1 एवं टूडियागंज में 1 डेगू का मरीज शामिल है। आज लगभग 517 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 6 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों, भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

HDFC BANK

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा का पता: हिन्दुस्तान टाईम्स हाउस, द्वितीय तल, 25–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001 फोन : 0522–4272777, 6673726, फैक्स: 0522–2205106
CIN : L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट : www.hdfcbank.com

कब्जे का नोटिस

जैसा कि **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में (माननीय एनसीएलटी–मुम्बई द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर पूर्ववर्ती एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना जारी की जिसमें निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशि के साथ कथित सूचना में दर्शाए गए अनुसार लागू दरों पर उसमें लगने वाले ब्याज को कथित सूचना (ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक प्रासंगिक व्यय, लागत, प्रभार आदि का भुगतान करने के लिए कहा गया।

क्र. सं.	उधारकर्ताओं/कानूनी वारिसों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम	बकाया देयराशियां* (रू0)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि	अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण
1	श्री रमाकान्त श्रीमती शान्ती देवी	23,86,321/– दिनांक 31.12.2021* तक	10.02.2022	30.08.2023	प्लाट नं0 8ए, 9, 23 एवं 25ए के भाग पर मकान, खसरा नं0 201 का भाग, ग्राम ककौली, वार्ड फैजुल्लागंज, लखनऊ **चौहद्दी: पू:** सड़क, **प:** प्लाट विक्रेता, **उ :** प्लाट सुख्खी सिंह, **द:** प्लाट अन्य **क्षेत्रफल: 92.94 वर्ग मी0**

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उचित लागू अनुसार आगे लगने वाले ब्याज, प्रांसगिक व्यय,लागत, प्रभार आदि के साथ, जैसा लागू हो।
हालांकि, उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहें इसलिए एतद्द्वारा विशेषत: कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि **एचडीएफसी** के प्राधिकृत अधिकारी ने कथित अधिनियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दर्शाई गई तिथियों को अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर **भौतिक कब्जा** कर लिया है।
विशेषत: उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शाई गई अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति के साथ कोई भी लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर कोई भी लेनदेन **एचडीएफसी** के बन्धक के अधीन होगा।
कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समय के भीतर प्रतिभूत परिसम्पत्ति/यों को मुक्त कराने की ओर से ध्यान आकृष्ट किया जाता है।
अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त ऋणी/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाता है कि पंचनामा की तैयार प्रतियां उपलब्ध हैं, जिसे सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रतिलपि प्राप्त कर सकते हैं।

दिनांक: 05.09.2023 एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए
स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी
पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बपत मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम) मुम्बई–400 020

ASIAN FERTILIZERS LIMITED

Regd.Office: Flat No. 202, "Preet Garden"3A/172, Azad Nagar, Kanpur, 208002
Admin.office: P.W.D. Officer's Colony, Near Shara Press, Park Road, Gorakhpur,273001
Phone: 0551-2203421, E-mail: investor@asianfertilizers.com, afl@asianfertilizers.com
CIN: L99999UP1986PLC007621, Website: www.asianfertilizers.com

NOTICE OF 38th ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING & CUT OFF DATE

In view of the continuing COVID-19 pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its General Circular No.14/2020 dated April 8, 2020, General Circular No.17/2020 dated April 13, 2020, General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020, General Circular No. 33/3030 dated September 28, 2020, General Circular No. 39/2020 dated December 31, 2020 and General Circular No.02/2021 dated January 13, 2021 **('MCA Circulars')** and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 issued by the Securities and Exchange Board of India **('SEBI Circulars'),** permitted the holding of the AGM through VC/OAVM, without the physical presence of the Members at a common venue. In compliance with the MCA Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013, ('the Act') and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulations') and Circulars issued by SEBI, the 38th AGM of the Company is being held on Saturday, September 30, 2023 at 03:00PM through VC/OAVM.

Electronic copies of the Notice of AGM and Annual Report of the Company for the financial year 2022-23 have been sent to all the members whose email IDs are registered with Company or its Registrar & Share Transfer Agent(RTA) or with their respective Depository Participant in 38th AGM through the VC/OAVM facility only. The attendance of the Members attending the AGM through VC/OAVM will be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013. The notice of the AGM and Annual Report will also be available on the Company's website and on the website of Stock Exchange i.e. BSE limited at www.bseindia.com and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com. The dispatch of notice of AGM through email has been completed on September 6, 2023.

Members holding shares ason the cut-off date i.e. September 22, 2023, cast their vote on the ordinary and special Business(es) as set out in the Notice of the 38th AGM may be transacted through electronic voting system of NationalServices Depository Limited (NSDL) before AGM or e voting facility at the AGM ("remote e-voting"). All the members are informed that:

1. The remote e-voting shall commence on Wednesday, September 27, 2023at 9:00 A.M.(IST)
2. The remote e-votingshall end on Friday September 29, 2023 at 5:00 P.M.(IST)
3. Members may note that: a) the remote e-voting module shall be disabled by NSDL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently; b)the facility of e voting shall be made available at the AGM and members attending the AGM who have not already cast their vote, may cast their vote electronically on business (es) set forth in the notice of AGM. Further members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and c) a person whose name is registered in the register of member or in the register of beneficial owner maintained by depositories as on the cut of date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM.
4. Any person, who acquires shares of the Companyand become member of the Company after the dispatch of Notice of AGM and holding shares as on the cut off date i.e. September 22, 2023, may obtain their user ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or afl@asianfertilizers.com.
   However, if a person is already registered with NSDL for E-voting than existing user ID and password can be used for casting vote.
5. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 224 430 or contact at evoting@nsdl.co.in.
6. **SEBI vide circular no. SEBI/HO/MIRSD/DOP1/CIR/P/2018/73 dated April 20, 2018 has mandated the submission of copy of Permanent Account Number (PAN) by every participant in securities market. Therefore, members are requested to submit copy of their PAN and bank account details (original cancelled cheque leaf/ attested bank passbook showing name of account holder) to Company / RTA.**
7. **In the support of Green Initiative in Corporate Governance, members are requested to register their e-mail address(es) and changes therein from time to time, by directly sending the relevant e-mail address along with details of name, address, Folio No., shares held:**
   i) To the registrar and share transfer agent, M/s Skyline Financial Services Pvt. Ltd or Company for shares held in physical form /Demat;
   Upon registration of the email address (es), the Company proposes to send Notices, Annual Report and such other documents to those Members via electronic mode/e-mail.

For Asian Fertilizer Limited
Sd/- Kunika Meghani
Company Secretary & Compliance Officer
Dated: 05/09/2023

शिक्षक दिवस आज- मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होंगे 19 शिक्षक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक दिवस पर राज्य अध्यापक पुरस्कार व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से 19 शिक्षक सम्मानित होंगे। इन शिक्षकों का सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक भवन में करेंगे। मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची में लखनऊ के अवध कालिजिएट की प्रधानाचार्य जतिंदर वालिया भी शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज गोरखपुर के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह इस्माइल गर्ल्स नेशनल इंटर कॉलेज मेरठ की प्रधानाचार्य डॉक्टर मृदुला शर्मा सुभाष इंटर कॉलेज सरैया अयोध्या के अध्यापक विनोद कुमार तिवारी एमजीएम इंटर कॉलेज जलेसर एटा के अध्यापक श्याम बिहारी बंद इंटर कॉलेज जड़ौदा पांडा सहारनपुर के सुशील कुमार त्यागी इंटर कॉलेज रामपुर के मुनीष चंद्र शर्मा श्री रतन मुनि जैन इंटर कॉलेज लोहा मंडी आगरा के प्रहलाद जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज सठेडी मुजफ्फरनगर के डॉक्टर चंद्र मोहन शर्मा कैसे कुमार राज की बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर की डॉक्टर बबिता जैन बंगाली टोला इंटर कॉलेज वाराणसी के डॉक्टर जितेंद्र कुमार मिश्रा राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के नईम अहमद कैसे कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के शैलेंद्र चतुर्वेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजयनगर गाजियाबाद की अध्यापिका डॉक्टर रेनू त्रिपाठी पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज अमापुर कासगंज के अध्यापक मदन चंद्र राजपूत शामिल है। इसी तरह मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह अवध कालिजिएट कानपुर रोड लखनऊ की प्रधानाचार्य जतिंदर वालिया जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली के डॉक्टर रवि शरण चौहान चित्रगुप्त इंटर कॉलेज राठ हमीरपुर के डॉक्टर सत्यनारायण सिंह परिहार ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज कानपुर की प्रवक्ता पूजा अवस्थी शामिल है।

एकेटीयू में सम्मानित होंगे शिक्षक

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चारों घटक संस्थानों के पिछले सत्र में सेवानिवृत्त शिक्षकों का इस मौके पर सम्मान होगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ एसएन कुरील होंगे। जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो जेपी पांडेय करेंगे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में केआईईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन गाजियाबाद के वरूण गुप्ता, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के अरुण कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट के मुकेश कुमार सिंह, केआईईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन गाजियाबाद के डॉ प्रवीण कुमार, केआईईटी ग्रुप ऑफ़इंस्टिट्यूशन गाजियाबाद के विनय कुमार, यूपीआईडी नोएडा की डॉक्टर रश्मि मिश्रा, डॉ राखी मिश्रा, डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मेसी मेरठ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के नितिन कुमार, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट आफटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के शशांक अवस्थी, गलगोटिया कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के रामलाल यादव शामिल हैं।

प्रो. राकेश द्विवेदी को मिला डीएसडब्ल्यू का अतिरिक्त कार्यभार

लखनऊ। लविवि की तरफ से सोमवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद का कार्यभार प्रो. राकेश द्विवेदी को सौंपा गया है। प्रो. द्विवेदी कुलानुशासक के साथ ही छात्र कल्याण अधिष्ठाता पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। वहीं विवि की तरफ से प्रो. महेन्द्र अग्निहोत्री को समन्वयक, छात्रसंघ और प्रो. गीतांजलि मिश्रा को डीन एकेडमिक के पद पर नियुक्त किया गया है।

Indian Overseas Bank A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक भारत सरकार का उपक्रम
क्षेत्रीय कार्यालय–लखनऊ। केन्द्रीय कार्यालय–चेन्नई
माँग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी, इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(12) के तहत नियम 3 के प्रदत्त अधिकारों के अधिनियम में, उक्त अधिनियिम की धारा 13 (2) के तहत माँग सूचना जारी किया गया, ऋणी/बंधककर्ताओं/ज़मानतकर्ताओं (इसके बाद "उक्त उधारकर्ताओं" के रूप में जाना जाता है) को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया।
उक्त नोटिस ऋणी/बंधककर्ताओं/ज़मानतकर्ताओं द्वारा विधिवत रूप से स्वीकार नहीं किए गए हैं। डाक अधिकारियों द्वारा बिना सुपुर्दगी वापस कर दिए गए हैं । इसलिए बैंक अत्यधिक सावधानी रखते हुए मांग नोटिस के इस प्रकाशन को जारी कर रहा है। अत: अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त ऋणी/बंधककर्ताओं/ज़मानतकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में इन नोटिसों को चिपकाया है। उक्त नोटिसों की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं और उक्त ऋणी/बंधककर्ताओं/ज़मानतकर्ता, यदि वे चाहें तो वह किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के अधोहस्ताक्षरी से उक्त प्रतियां प्राप्त कर सकते हैं।
उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे एक बार फिर, उक्त ऋणी/बंधककर्ताओं/ज़मानतकर्ताओं को नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर इंडियन ओवरसीज बैंक को भुगतान करने के लिए, ऋण और अन्य दस्तावेजों के तहत नीचे दी गई राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है। ऋण के देय पुनर्भुगतान के लिए बंधक के रूप में निम्नलिखित परिसंपत्तियों को संबंधित पक्षों द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक को नीचे गिरवी रखा गया है। ऋण की देय चुकता के लिए संबंधित पक्षों निम्नलिखित सम्पत्तियों को इंडियन ओवरसीज बैंक में बंधक रखी गया हैं।

क्र. सं.	ऋणकर्ता/ज़मानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम व पता	सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया धनराशि	मांग सूचना की तिथि
	शाखा–फिरोजाबाद, निकट डाकघर, 2/616, सुहाग नगर, सेक्टर –2, फिरोजाबाद– 283203, ईमेल–आईडी–iob3011@iob.in			
1.	**ऋणकर्ता/बंधककर्ता– श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम रतन सिंह**, पता–मकान नंबर 2बी/472, सेक्टर–2, आवास विकास कॉलोनी, (शिकोहाबाद योजना–1) शिकोहाबाद–283135 **ज़मानतकर्ता– श्री विक्रम सिंह पुत्र लखन सिंह**, पता– नौशेरा, शिकोहाबाद, फिरोज़ाबाद –283135	भूमि व भवन स्थित मकान नं. 2बी/472, सेक्टर–2, आवास विकास कॉलोनी, शिकोहाबाद, तहसील व जिला–फिरोजाबाद–283135, **श्री देवेन्द्र कुमार कुशवाह पुत्र श्री राम रतन सिंह के नाम पर, कुल क्षेत्रफल–40.00 वर्गमीटर, सेल डीड के अनुसार चौहद्दी:**–पूर्व–9 मीटर चौड़ा रोड, **पश्चिम**–अन्य की संपत्ति, प्लॉट नं. 2बी/469, **उत्तर**–अन्य की संपत्ति प्लॉट नं. 2बी/471, **दक्षिण**–अन्य की संपत्ति प्लॉट नं. 2बी/473	रु. **8,60,441.51** दिनांक 30.11.2022 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे	**27.02.2023**
	शाखा : बर्रा शाखा, कानपुर, 59–एमआईजी, हेमन्त विहार, सेक्टर–04, भूत बंगला रोड, बर्रा–2, कानपुर–208027,ईमेल–iob1786@iob.in			
2.	**(1) श्री. निखिल बाजपेयी (ऋणकर्ता) पुत्र स्व. कमलेश कुमार बाजपेयी, (2) श्री तर